दिनांक-27.03.2020

स्वच्छ भारत अभियान — स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

खुर्सीपार क्षेत्र में सघन रुप से किया जा रहा है सेनेटाईज करने का कार्य

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रान्तर्गत आने वाले खुर्सीपार में वृहद रुप से सेनेटाईज करने का कार्य किया जा रहा है तथा स्वाथ्य विभाग के कर्मचारी मलेरिया आईल, ब्लिचिंग घोल का छिड़काव, मैलाथियान का छिड़काव तथा फागिंग का कार्य कर रहें है। कोरोना पाजिटिव पाये गये मरीज के आसपास के घरों में भी सेनेटाईज करने का कार्य किया जा रहा है। तथा मुनादी कराकर आसपास के घरों के निवासरत् परिवारों को घरों से नहीं निकलने की अपील की जा रही है। इस इलाके में स्वास्थ्य अमला सक्रिय है और सतत् निगरानी बनाये हुए है। अधिक से अधिक क्षेत्र को कवर करने के लिए फायर ब्रिगेड के वाहन का उपयोग सेनेटाईज के लिए किया जा रहा है।

जनसम्पर्क अधिकारी